दैनिक जागरण
05.12.2018

बीएचयू आइआइटी के 75 छात्रों को मिला पैकेज

जागरण संवाददाता, वाराणसी : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बीएचयू में चल रहे कैंपस प्लेसमेंट के तीसरे दिन का अंतिम चरण समाप्त होने तक 25 कंपनियों ने लगभग 75 छात्र-छात्राओं को 98 जॉब ऑफर किए। इसमें सर्वाधिक पैकेज 20 लाख और न्यूनतम आठ लाख रुपये था। मंगलवार को पहले चरण समाप्त होने तक आठ कंपनियों ने साक्षात्कार लिया।

इन कंपनियों ने दिए 75 विद्यार्थियों को जॉब : रिलायंस जियो, सिनोप्सिस, इलास्टिक रन, ब्नी मेलन, सेपियंट, वेरिटास, टाटा स्टील, सिटी पूणे, फायर आई, रिलायंस जियो (एसडीई), यूलर, माईकर्मा, सैमसंग दिल्ली, मारूति, आईथ्री नेटवर्क, मैथवर्क, फ्यूचर फर्स्ट, रिलायंस जियो (आर एंड डी), माइक्रोलैंड, क्वांटिफि, एमएक्यू, यूबीएस, एक्सेला, डिलॉयटी, टेलेस्ट्रा कंपनियों ने 75 छात्र-छात्राओं को आठ से 20 लाख रुपये तक के पैकेज का ऑफर दिया। वहीं मंगलवार को पहले चरण में ऑप्टम (एसडीई), एक्सट्रीया, हॅनेटवेल, इंडशाइनी, टाटा कम्यूनिकेशंस, टाटा स्टील, एचसीएल, जेडएस एसोसिएट्स ने साक्षात्कार लिया।

396 विद्यार्थियों को 96 कंपनियों ने एक से तीन दिसंबर तक नौकरी का ऑफर दिया

150 विद्यार्थियों को 33 कंपनियों ने इंटर्नशिप के दौरान दिया था ऑफर

129 कंपनियां अभी तक आइआइटी के 546 विद्यार्थियों को दे चुकी है नौकरी

1151 छात्र-छात्राओं ने इस साल कराया था रजिस्ट्रेशन

तीसरे दिन के अंतिम चरण में 25 कंपनियों ने भी बरसाई नौकरी न्यूनतम आठ लाख के पैकेज पर भी दिया गया ऑफर